# राज्यपाल ने उत्तर बंगाल के भूस्खलन की घटना पर केंद्र और राज्य को सौंपी रिपोर्ट

संवाददाता, कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को कहा कि उन्होंने उत्तर बंगाल के भूस्खलन प्रभावित इलाकों के अपने दौरे से प्राप्त निष्कर्षों का विवरण देते हुए केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी है. उनकी रिपोर्ट में इसी तरह की प्राकृतिक आपदाओं से पहले, उसके दौरान और बाद में उठाये जानेवाले आवश्यक कदमों से जुड़े सुझाव शामिल हैं. पिछले हफ्ते उत्तर बंगाल में बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 32 लोगों की जान चली गयी थी.

बोस ने यहां राजभवन में कहा, 'इलाकों का दौरा करने और पीड़ितों से बातचीत करने के बाद मैंने सक्षम अधिकारियों, भारत सरकार और राज्य सरकार को इसी तरह की आपदाओं से पहले, उसके दौरान और बाद में उठाये जाने वाले कदमों पर एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है.''

उन्होंने कहा, 'अगर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया, तो हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी. इसे रोकने के लिए कुछ पहल करने और कदम उठाने की जरूरत है. मैंने अपनी रिपोर्ट में अन्य देशों में इसके लिए अपनायी गयी सर्वोत्तम प्रथाओं को भी सूचीबद्ध किया है.' डॉ बोस ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके आपदा प्रभावित परिवारों से बातचीत की थी.

## काम्या व सयानी को कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवॉर्ड



कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे राज्यपाल सीवी आनंद बोस व अन्य.

**कोलकाता.** बुधवार की शाम राज्यपाल सीवी आनंद बोस कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स के 194वें वार्षिक आम सभा में शामिल हुए और इस मौके पर दो युवतियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया. राज्यपाल ने पर्वतारोही व स्कीयर काम्या कार्तिकेयन और ओपन-वाटर स्वीमर सयानी दास को कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवॉर्ड दिये. गौरतलब है कि मुंबई के नेवी चिल्ड्रन स्कूल की 17 साल की स्टूडेंट काम्या कार्तिकेयन ने 24 दिसंबर 2024 को अंटार्कटिका मे माउंट विंसन की चोटी पर पहुंचकर इतिहास रच दिया था. वहीं, पश्चिम बंगाल के कालना की टॉप ओपन-वॉटर स्विमर सयानी दास ने दुनिया की सेवन ओशन्स चैलेंज स्विम्स में से छह को कामयाबी से पूरा किया है. इस मौके पर कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स के निवर्तमान अध्यक्ष हरिशंकर हलवासिया ने स्वागत भाषण व नवनियुक्त अध्यक्ष अनंत सहारिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया.

## राज्यपाल ने दुर्गापुर में छात्रा से सामूहिक बलात्कार मामले में राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट : अधिकारी

**कोलकाता.** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी है. राजभवन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में बोस ने मामले में अपने निष्कर्षों और पीड़िता व उसके माता-पिता के साथ अपनी बातचीत का विस्तृत विवरण दिया है. अधिकारी ने बताया, 'दुर्गापुर मामले में राज्यपाल के निष्कर्षों के संबंध में एक रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गयी है. रिपोर्ट की एक प्रति गृह मंत्रालय को भी भेजी गयी है.'' बोस पश्चिम बर्दवान जिले के दुर्गापुर गये थे और पड़ोसी ओडिशा के जलेश्वर की रहनेवाली पीड़िता और उसके माता-पिता से बात की थी. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी ओडिशा से ताल्लुक रखती है.

## बालेश्वर के भाजपा सांसद ने राज्यपाल से की मुलाकात

**कोलकाता.** ओडिशा के बालेश्वर से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी राजभवन पहुंच कर राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मुलाकात की. उन्होंने दुर्गापुर में ओडिशा की एक मेडिकल छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले पर बातचीत की. मंगलवार को ही भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल बंगाल आया था, जिसका नेतृत्व प्रताप सारंगी कर रहे थे. भाजपा सांसद ने कहा कि वह दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज गये थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया. एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्हें पुलिस की इस भूमिका की उम्मीद नहीं थी. उन्होंने बुधवार को राज्यपाल को इसकी जानकारी दी. राज्य प्रशासन को पहले ही एक पत्र लिखकर सूचित कर दिया था कि वह बंगाल दौरे पर आ रहे हैं.